लैंड बैंक बढ़ाने को भूमि अधिग्रहण पर ध्यान दें अधिकारी : नंदी

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश में लैंड बैंक (भूमि बैंक) बढ़ाने के लिए भूमि अधिग्रहण पर अधिकारियों को ध्यान देने की नसीहत दी है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में निवेशकों को आने वाली परेशानियों का तत्काल निस्तारण किया जाए और सिंगल विंडो सिस्टम में सुधार के लिए एक्ट बनाया जाए।

पिकप भवन में शनिवार को उन्होंने उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों और अभी तक प्राप्त परिणामों की समीक्षा की। बैठक में भूमि उपलब्धता, आवंटन, बुनियादी ढांचा और नीतिगत विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के तहत भूमि आवंटन और अधिग्रहण की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डिलायट इंडिया की तरफ से प्रस्तुति दी गई।

नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों को विकसित करने के लिए सबसे पहली आवश्यकता लैंड बैंक की है। इसके लिए सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारी भूमि अधिग्रहण के साथ ही अन्य माध्यमों पर भी ध्यान दें। समीक्षा बैठक में राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी व प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।